मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त जिलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिन्टिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307 (भरत प्रिंटर्स एण्ड सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 वर्ष 17 मूल्य 2.00 रुपए अंक 21 | जयपुर, सोमवार, 01 सितम्बर, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

जीवन में अनुशासन और सहयोग की भावना का संचार करते हैं खेलः डॉ पी सी पंचारिया

महिला वर्ग में टीम स्मृति मंधाना और पुरुष वर्ग में टीम वल्लभभाई पटेल बने चैम्पियन

सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 पर आयोजित खेल गतिविधियों का समापन

पिलानी (बाबूलाल घोघलिया/मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 29 से 31 अगस्त के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सुप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की स्मृति में देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत सरकार के खेल मंत्रालय और सीएसआईआर मुख्यालय के निदेशानुसार सीएसआईआर-सीरी में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। समारोह का समापन 31 अगस्त को एक विशेष सम्मान समारोह के साथ किया गया जिसमें

संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने विजेता टीमों को मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। पुरुष वर्ग में विजेता ट्रॉफी वल्लभभाई पटेल टीम ने और महिला वर्ग में स्मृति मंधाना टीम ने जीती।

सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने अपने संबोधन में विजेता टीमों को बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि खेल हमें जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन और सहयोग की भावना बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं और यही सफलता का मूल मंत्र है। इससे पूर्व मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस गतिविधियों का शुभारंभ करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया ने सभी खिलाड़ियों को स्वास्थ्य और फिटनेस की शपथ दिलाई और खिलाड़ियों को खेल और टीम भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

संस्थान में कुल आठ टीमों के 240 खिलाड़ियों में टेनिस बॉल क्रिकेट, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर), बास्केटबॉल, रिले रेस और फुटबॉल खेलों में कड़े मुकाबले हुए। प्रसिद्ध खिलाड़ियों और स्वतंत्रता सेनानियों के नामों पर टीमों का गठन किया गया था। पुरुष वर्ग में चंद्रशेखर आजाद, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, मंगल पांडे, सरदार पटेल, टीमों ने तथा महिलाओं के वर्ग में स्मृति मंधाना और पीवी सिंधु टीमों ने प्रतिभागिता की।

स्मृति मंधाना (महिला टीम) और वल्लभभाई पटेल टीम (पुरुष टीम) ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर मेजर ध्यानचंद ट्रॉफी पर कब्जा किया।

डॉ अशोक चौहान और डॉ सुमित्रा सिंह ने अपनी टीमों के साथ विजेता ट्रॉफी या प्राप्त की। स्टाफ क्लब के सचिव डॉ नीरज ने खेल प्रतियोगिताओं का विस्तृत ब्योरा दिया। उपाध्यक्ष एवं प्रशासन नियंत्रक मनोरंजन पांडेय ने भी विजेताओं को बधाई दी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन क्लब की संयुक्त सचिव सुश्री चांदनी दीक्षित ने किया।